# मुख्य तथ्य

1. "अनुसूचित वाणिज्य बैकों की जमाराशियां एवं ऋण की तिमाही सांख्यिकी-दिसंबर 2005" दिसंबर 2005 के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंको की कुल जमाराशियों और सकल बैंक ऋण पर आँकड़े दर्शाती है। ये आँकड़े मूलभूत-सांख्यिकीय विवरणियों (बीएसआर)-7 पर आधारित होते हैं जिसे अनुसूचित वाणिज्य बैंको (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सम्मिलित) की सभी शाखाओं से प्राप्त किया जाता है। इस तिमाही में 6 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय 2 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के रूप में हुआ जिससे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की कुल संख्या 177 से 173 हुई।

2. रिपोर्टिंग कार्यालयों की संख्या के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने जिन बैंक सुविधायुक्त केंद्रों को सेवा दी उनकी संख्या 34,714 रही । इन केंद्रों में से 29,264 एकल कार्यालय केंद्र (सिंगल ऑफिस सेंटर्स) थे और 41 केंद्र ऐसे थे जिनके बैंक कार्यालय 100 या इससे अधिक थे ।

3. 34,714 बैंक सुविधायुक्त केंद्रों में से जमाराशियों के अनुसार क्रम में रखे गए शीर्ष सौ केंद्रों की जमाराशि कुल जमाराशि का 66.3 प्रतिशत और बैंक ऋण के हिसाब से शीर्ष सौ केंद्रों का बैंक ऋण कुल बैंक ऋण का 76.2 प्रतिशत था। दिसंबर 2005 में शीर्ष सौ केंद्रों की कुल जमा राशि में पिछले वर्ष से 20.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि दिसंबर 2004 में यही बढ़ोतरी 22.8 प्रतिशत थी। शीर्ष सौ केंद्रों के सकल बैंक ऋण में दिसंबर 2005 में 31.2 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज हुई । यह वृद्धि दिसंबर 2004 में 34.5 प्रतिशत (आई डी बी आई लि.के प्रभाव के साथ) रही ।

4. समूह के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंकों ने कुल जमा राशियों में 48.8 प्रतिशत का योगदान दिया, जबकि भारतीय स्टैंट बैंक और इसके सहयोगियों का योगदान 24.3 प्रतिशत का रहा । विदेशी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का कुल जमा राशियों में क्रमशः 5.3 प्रतिशत, 3.3 प्रतिशत और 18.3 प्रतिशत का हिस्सा रहा । जहाँ तक सकल बैंक ऋण का प्रश्न है, कुल बैंक ऋण में सर्वाधिक 48.0 प्रतिशत हिस्सा राष्ट्रीयकृत बैंकों का रहा, जबकि इसके ठीक पीछे भारतीय स्टैंट बैंक व इसके सहयोगी बैंक 23.4 प्रतिशत और अन्य अनुसूचित वाणिज्यि बैंक 19.4 प्रतिशत रहे । तुलनात्मक रूप से विदेशी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल बैंक ऋण में हिस्सा कम रहा - क्रमशः 6.6 प्रतिशत और 2.7 प्रतिशत।

5. अखिल भारतीय स्तर पर दिसंबर 2005 के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के ऋण और जमा राशियों (सी-डी) का अनुपात 70.9 प्रतिशत रहा । राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों में सर्वाधिक सी-डी का अनुपात तमिलनाडु (103.8 प्रतिशत) में देखा गया, जबकि इसके बाद महाराष्ट्र (101.7 प्रतिशत) और चंडीगढ (98.7 प्रतिशत) का स्थान रहा । बैंक समूह स्तर पर सी-डी अनुपात अखिल भारतीय अनुपात की तुलना में विदेशी बैंकों (88.7 प्रतिशत) और अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (75.0 प्रतिशत) में अधिक रहा और भारतीय स्टैट बैंक और उसके सहयोगियों (68.0 प्रतिशत), राष्ट्रीयकृत बैंकों (69.7 प्रतिशत) और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (57.9 प्रतिशत) के मामले में कम रहा । जनसंख्या समूह के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमा राशि और ऋण (सी-डी) अनुपात में महानगर (मेट्रोपोलिटन) केंद्रों का सी-डी अनुपात सर्वाधिक 88.4 प्रतिशत रहा । ग्रामीण केंद्रों (56.4 प्रतिशत) और शहरी केंद्रों (54.7 प्रतिशत) का स्थान उसके बाद रहा और अर्धशहरी केंद्रों में 48.2 प्रतिशत का निम्नतम सी-डी अनुपात देखा गया ।

6. जमा राशियों के आकार के अनुसार अनुसूचित वाणिज्यि बैंक कार्यालयों के वितरण को देखने से यह पता चलता है कि कुल बैंक कार्यालयों में 49.3 प्रतिशत बैंक कार्यालय 10 करोड़ रूपये या इससे अधिक की जमा राशियों वाले थे । कुल जमा राशियों में इन बैंक कार्यालयों का योगदान 92.0 प्रतिशत और कुल बैंक ऋण में 89.1 प्रतिशत रहा । जिन कार्यालयों ने 10 करोड़ रूपये या अधिक का ऋण दिया उनका प्रतिशत 24.7 रहा । समग्र रूप में इन कार्यालयों ने कुल बैंक ऋण का 85.9 प्रतिशत दिया, जबकि कुल जमा राशियों में उनका हिस्सा 65.7 प्रतिशत रहा।

# HIGHLIGHTS

1. "Quarterly Statistics on Deposits and Credit of Scheduled Commercial Banks - December 2005" provides data on aggregate deposits and gross bank credit of scheduled commercial banks as on last Friday of December 2005. The data are based on Basic Statistical Return-7, received from the branches of all scheduled commercial banks (including Regional Rural Banks). During this quarter, there was amalgamation of 6 RRBs into 2 RRBs leading to reduction in number of RRBs from 177 to 173.

2. The number of banked centres served by scheduled commercial banks according to number of reporting offices stood at 34,714. Of these centres, 29,264 were single office centres and 41 centers had 100 or more bank offices.

3. The top hundred centers, out of 34,714 banked centers, arranged according to the size of deposits accounted for 66.3 per cent of the total deposits and the top hundred centres arranged according to the size of bank credit accounted for 76.2 per cent of total bank credit. Aggregate deposits of top hundred centres grew at 20.2 per cent in December 2005 over December 2004 compared to 22.8 per cent growth recorded a year ago. Annual growth rate of gross bank credit of top hundred centres was at 31.2 per cent in December 2005 over December 2004, compared to 34.5 per cent ( including the impact of IDBI Ltd.) growth recorded in December 2004.

4. Nationalised Banks, as a group, accounted for 48.8 per cent of the aggregate deposits, while State Bank of India and its Associates accounted for 24.3 per cent. The shares of Foreign Banks, Regional Rural Banks and Other Scheduled Commercial Banks in aggregate deposits were 5.3 per cent, 3.3 per cent and 18.3 per cent, respectively. As regards gross bank credit, Nationalised Banks held the maximum share of 48.0 per cent in the total bank credit followed by State Bank of India and its Associates at 23.4 per cent and Other Scheduled Commercial Banks at 19.4 per cent. Foreign Banks and Regional Rural Banks had relatively lower shares in the total bank credit at 6.6 per cent and 2.7 per cent, respectively.

5. At the all–India level, the credit-deposit (C-D) ratio of all scheduled commercial banks as on the last Friday of December 2005 stood at 70.9 per cent. Among the States/Union Territories, the highest C-D ratio was observed in Tamil Nadu (103.8 per cent), followed by Maharashtra (101.7 per cent) and Chandigarh (98.7 per cent). At the bank group level, the C-D ratio was above the all-India ratio in respect of Foreign Banks (88.7 per cent) and Other Scheduled Commercial Banks (75.0 per cent), and was lower for State Bank of India and its Associates (68.0 per cent), Nationalised Banks (69.7 per cent) and Regional Rural Banks (57.9 per cent). As regards population group-wise C-D ratio of all scheduled commercial banks, metropolitan centres had the highest C-D ratio at 88.4 per cent, followed by rural centres (56.4 per cent) and urban centres (54.7 per cent). The semi-urban centres recorded the lowest C-D ratio at 48.2 per cent.

6. It is observed from the distribution of scheduled commercial bank offices by size of deposits, that the offices with deposits of Rs.10 crore or more, accounted for 49.3 per cent of the bank offices with a share of 92.0 per cent in aggregate deposits and 89.1 per cent in total bank credit. The offices, which extended the credit of Rs.10 crore or more, accounted for 24.7 per cent in terms of their number. These offices together accounted for 85.9 per cent of total bank credit whereas their share in aggregate deposits was 65.7 per cent.